दर्शननगर के पास सरायरासी और हलवारा में लग रहा 40 मेगावाट का सोलर प्लांट

अयोध्या में 22 जनवरी से पहले सौर ऊर्जा से बनने लगेगी बिजली



अयोध्या, वसं। रामनगरी अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के लिए शासन के निर्देश पर स्थापित सोलर पावर प्लांट पर काम शुरू हो गया है। अगले माह से 40 मेगावाट के प्लांट से दस मेगावाट बिजली उत्पादन शुरू हो जाएगा।

बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए 160 करोड़ से इस योजना की शुरुआत की गई है। एनटीपीसी की मदद से 22 जनवरी के पहले सूरज की रोशनी से दस मेगावाट की बिजली रामनगरी अयोध्या बनाने लगेगी।

उत्पादन भी बच जाए तो आगे करें उपयोग : यूपी नेडा के साथ मिलकर लंबे समय से काम करने वाले सोलेक्सा के प्रबंध निदेशक जितेंद्र द्विवेदी कहते हैं कि अपनी छत पर सोलर पैनल लगाने के कई लाभ विभाग दे रहा है।

सोलर पैनल लगने के बाद सामान्य मीटर के स्थान पर बिजली विभाग एक नेट मीटर लगाएगा। एक्सईएन और उपभोक्ता के बीच एक अग्रीमेंट हो जाएगा। हर महीने आपके उपयोग के बाद बची हुई बिजली अगले महीने के लिए जमा कर दी जाएगी। आपके मीटर में ही इम्पोर्ट, एक्सपोर्ट और नेट बिलिंग दिखाई देगी।

सरायरासी में लग रहे सोलर पावर प्लांट की सोमवार को स्थलीय समीक्षा करने पहुंचे यूपीनेडा के निदेशक अनुपम शुक्ल व अन्य।

165 एकड़ में बन रही है दर्शन नगर के पास सोलर सिटी

160 करोड़ रुपए की लागत को सीएम ने दे दी है मंजूरी

जन्मभूमि पथ-परिसर में लग रहे सीसीटीवी

अयोध्या। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले पूरे परिसर को मानव रहित सुरक्षा व्यवस्था से आच्छादित करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। प्रक्रिया में श्रीरामजन्म भूमि परिसर के इनर व आउटर कार्डन में 104 कैमरे में लगाए जा रहे हैं। आउटर में जन्मभूमि पथ पर शुरुआत हो गयी है। सुरक्षा का बुनियादी ढांचे के बाद दर्शनार्थियों के प्रवेश ट्रायल की डेड लाइन आठ जनवरी तय की गयी है।